Comedy Script in Hindi| कॉमेडी ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी

पूर्वाभास:

दोस्तों आज के स्क्रिप्ट में कि हम आपके साथ शेयर करने जा रहे हैं एक **कॉमेडी ऑडिशन स्क्रिप्ट** " Comedy Script in Hindi ", तो आज का जो सीन है उसमें हमें एक युवा लड़का दिखता है| यह लड़का थोड़ा सा शरारती, कॉमेडी टाइप का है| फिल्म में जैसे हीरो के दोस्त, रिश्तेदार आदि कैरेक्टर के लिए इस ऑडिशन स्क्रिप्ट का आप इस्तेमाल कर सकते हैं| इस लड़के को एक लेटर आया हुआ है जो की जॉब ऑफर लेटर है| अभी जॉब ऑफर लेटर को देखकर उसे इतनी खुशी हुई की वह खुशी के मारे पागल हो गया है और अपने एरिया के बच्चों को पैसे देकर पार्टी करने बोल रहा है| अब तक उसने वह जॉब ऑफर लेटर ओपन करके नहीं देखा है| लेकिन अब वह जॉब ऑफर लेटर ओपन करता है और देख कर हैरान हो जाता है| **अब आगे**....

पात्र :

कॉमेडी कॅरेक्टर (उम्र २५ -३५ वर्ष)

समय:

१ मिनिट ४५ सेकंद

Comedy Script in Hindi For Students| मुफ्त कॉमेडी स्क्रिप्ट ऑनलाइन इन हिन्दी

ए छोटे इधर आ .. इधर आ रे ... ये ले । अबे क्या है, क्यू है वो छोड़, कितने है गिनकर बता। क्या दस रुपये ? ठीक से गिन ले।हा ...अब कैसा पूरे 20 रुपये है । जा इसके चॉकलेट ले और अपनी सब बच्चे कंपनी मे बाट ले।अबे तुझे दिया है ना वो ले और निकल वर्णा वो भी वापस ले लूंगा।

ओह हो..कैसे बताऊ आज का दिन मेरे लिए क्या है ...कैसे बताऊ ? हे भगवान मुझ जैसे गरीब की दुआ आपने सुन ली और इसी कारण मुझे आज नौकरी मिल गयी। आपके मन मे कभी क्या चलता है ये कोई नहीं जान सकता। मुझे बिना खबर किये सीधा ऑफर लेटर भेज दिया वो भी सुपर फास्ट कुरियर से । ये तो सिर्फ आप हि कर सकते है । आपको मेरी तरफ से 10 किलो लड्डू ।

आह हा ... चलो चलो देखते है तो सही ऑफर लेटर मे क्या क्या लिखा है ? " रमन and सन्स प्राइवेट लिमिटेड " । वा कंपनी के नाम से तो लगता है की ये बहुत बड़ी कंपनी है और कंपनी बड़ी मतलब अपनी पोस्ट भी बड़ी और पोस्ट बड़ी मतलब पगार भी बड़ी।वा मजा आएगा। चलो इसको ओपन तो करते है।

आ... ऊपर तो इतना सब अंग्रेजी मी लिखा था पर ये लेटर हिंदी मे कैसे ? छोड़ो लगता है पुराने मैनेजर को अंग्रेजी नहीं आती होगी। डियर मिस्टर प्रभुदेवा उर्फ़ प्रभुजी। "अरे वा इतना मान सम्मान " आपको हमारी कंपनी ने नौकरी देने का सोच लिया है, और इसी सिलसिले मे यह ऑफर लेटर हमने भेजा है। हमारे यहा 10 भैस है जिसका गोबर साफ करने का काम आपको करना होगा , साथ हि उनको चारा पानी और घुमाने के लिए भी लेकर जाना होगा । एक दिन का हम आपको 100 रुपया देंगे ।

हे भगवान कितने दिनों के बाद चेहरे पन मुस्कान आयी थी वो भी आपने छिन ली। मै.. ! और वहा जाकर क्या करु ? गोबर उठाऊ ,भैसों को घूमाने ले जाऊ। आ हहहा। ।।।।(रोने लगता है) आपभी चीटर है आपका 10 किलो लड्डू कैंसल। ए छोटू इधर आ चॉकलेट लिया ...बाद मे लेगा ...एक काम कर वो पैसे दे..अरे दे मुझे छुट्टा चाहिए मै पचास का नोट देता हु। अब निकल आये चॉकलेट खाने । (फिर से रोने लगता है)

यह भी पढे :

[हिन्दी ऑडिशन स्क्रिप्ट फॉर मेल | Hindi Audition Script For Male]

[Audition Script in Hindi (2024) | साउथ फिल्म जैसा कॉमेडी character का स्क्रिप्ट]